HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Sixth Session)

Questions For Written Answers

Wednesday, 21th August, 2019/30th Shravan, 1941(Saka)

[Chief Minister - Irrigation & Public Health Minister - Education Minister - Urban Development Minister - Agriculture Minister - Health and Family Welfare Minister - Rural Development & Panchayati Raj Minister - Industries Minister - Forest Minister and Social Justice & Empowerment Minister].

Total No. of Questions - 19

Lift Irrigation Schemes

318 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state what is the latest position of DPRs for Lift Irrigation Schemes Sunnam and Spillo-Karla?

Migrant Labourers

319 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state how many migrant labourers were registered in the State during the year 2018-2019?

Funds Allocation

320 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last three years upto 31.07.2019, how much funds were allocated under Non-Plan for Public Works Division Bhaba Nagar and Kalpa; year-wise details of works and amount be given?

समझौता ज्ञापन

321 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पतंजलि योगपीठ व HPMC के मध्य HPMC द्वारा तैयार किए गए Apple juice concentrate को खरीदने के लिए MOU हस्ताक्षरित हुआ था; यदि हाँ, तो यह MOU कब हस्ताक्षरित हुआ था; ब्यौरा दें; और

(ख) समझौता ज्ञापन के अनुसार कितना Apple juice concentrate HPMC से पंतजलि योगपीठ द्वारा लिया जाना था तथा कितना लिया गया; ब्यौरा वर्षवार दें?

बस पासिंग

322 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बस दुर्घटनाओं को रोकने के लिये बस पासिंग प्रक्रिया के लिए नियुक्त कर्मचारी मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सभी नोर्म्स (योग्यता) को पूर्ण करते हैं;

(ख) क्या सभी बसें नोर्म्स पूर्ण करने के उपरान्त ही पास की जाती हैं; और

(ग) सरकार उप-मण्डल स्तर पर Testing Station स्थापित करने का विचार रखती है?

पाठशालाओं में अवकाश

323 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार मौसम परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए, पाठशालाओं में मानसून तथा शीतकालीन अवकाश की सारणी में परिवर्तन करने का विचार रखती है?

पशु अस्पताल

324 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नगरोटा बगवां में पशु अस्पताल को जोनल अस्पताल का दर्जा देने का सरकार ने निर्णय लिया है; यदि हां, तो इसका उन्नयन कब तक कर दिया जाएगा?

विश्राम गृह

325 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू)ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग विश्राम गृह के कमरे ठहरने योग्य नहीं है; ब्यौरा विश्राम गृहवार दें; और

(ख) शील विश्राम गृह के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

फसलों को नुकसान

326 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक ओलों व अन्य आपदा से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई हेतु बागवानों/किसानों को मुआवजा देने का विचार रखती है?

स्वास्थ्य संस्थान

327 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ऐसे कितने प्राथमिक/उप-स्वास्थ्य केन्द्र हैं जिनके पास भवन नहीं हैं तथा निजी भवनों में चल रहे हैं; ब्यौरा दें?

पर्यटन योजना

328 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चूड़धार तथा चौपाल के लिए पर्यटन विकास की योजनाएं प्रस्तावित हैं; और

(ख) यदि हां, तो इन योजनाओं हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है; कितनी व्यय की गई तथा कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

अनाज भण्डार

329 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नागरिक आपूर्ति निगम के अनाज भण्डारण के लिए कितने गोदाम है तथा उनकी कुल कितनी क्षमता है; कितने गोदाम किराए पर लिए गए हैं; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राशन डिपो किस-किस को आबंटित किए गए हैं; ब्यौरा दें?

मत्स्य पालन

330 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मत्स्य पालन के लिए सरकार ने कितनी धनराशि स्वीकृत की है, कितनी व्यय की गई है तथा कितनी शेष है; और

(ख) मत्स्य पालन हेतु सरकार नई नीति बनाने का विचार रखती है?

Unsafe Buildings

331 **Sh. Ram Lal Thakur (Sri Naina Deviji):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many Government buildings of various departments have been declared unsafe for human habitation in the Pradesh; department-wise details be given;

(b) what steps the Government has taken to rebuild these buildings; and

(c) how much funds have been provided for the construction of these buildings?

पार्किंग का निर्माण कार्य

332 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री नैना देवीजी की पार्किंग का निर्माण कार्य कब प्रारम्भ हुआ; इस निर्माण कार्य हेतु निविदाएं कब आमंत्रित की गईं; कार्य किस ठेकेदार को आवंटित किया गया; निर्माण कार्य बंद होने के क्या कारण हैं और इसे पुनः कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

भवन निर्माण

333 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय श्री नैना देवीजी के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

सौर ऊर्जा पैनल

334 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिमला स्थित सरकारी कार्यालयों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने का निर्णय लिया था; और

(ख) यदि हां, तो गत दो वर्षों में दिनांक 31-07-2019 तक कितने सरकारी कार्यालयों की छतों पर यह पैनल कितनी-कितनी क्षमता के स्थापित किए गए तथा शेष कार्यालयों की छतों पर कब तक स्थापित कर दिए जाएंगे; विभागवार ब्यौरा दें?

पार्क का निर्माण

335 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) सरकार ने 120 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ा मैदान, गोल पहाड़ी, टुटू, मज्याट तथा इन्द्रनगर में पार्क बनाने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हाँ, तो इन पार्कों का निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा तथा ये पार्क कब तक बन कर तैयार हो जाएंगे; ब्यौरा दें?

कौशल विकास केन्द्र

336 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्ष पूर्व सरकार ने शोघी में कौशल विकास केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया था; और

(ख) यदि हां, तो निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई व इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 5 अगस्त, 2019. **सचिव।**